Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to provide a special relief package to the farmers whose crops have been damaged due to hailstorm and rains in Hamirpur and Mahoba regions in Uttar Pradesh.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, दिनांक 8 मार्च से लगातार हुई कई दिनों तक बारिश, ओला वृटि एवं तेज हवा के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा के अनेक भागों में किसानों की फसल पूर्णतयाः बरबाद हो गयी है। इसमें काफी लोगों की जानें भी गयी हैं तथा अनेक घायल हो गये हैं। गांव की बिजली व्यवस्था पूर्णतया ध्वस्त हो गयी है। संचार व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गयी है। मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान पिले 4 सालों से लगातार प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हैं। काफी पशु मारे गए। कच्चे मकान ढह गये। लगातार झेल रहे प्राकृतिक आपदाओं के कारण गरीब लोगों एवं किसानों के मुंह का निवाला बार बार छिन जाता है, जिस कारण अनेक लोगों के समक्ष भुखमरी की समस्या पैदा हो गयी है। विगत र्वा भी मैंने सूखा, बाढ़ एवं ओलावृटि के कारण प्रभावित हुए किसानों का मामला सदन में उठाया था। केन्द्र सरकार द्वारा वहां सर्वे भी कराया गया, परन्तु खेद है कि आज तक किसी भी प्रकार की केन्द्रीय सहायता प्रदान नहीं की गयी।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा तेज बारिश, ओलावृटि एवं तेज हवाओं के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने हेतु केन्द्रीय टीम भेजी जाये तथा प्रभावित किसानों को 1000 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाये। साथ ही रोजगार हेतु एक विशेा पैकेज दिया जाये।